卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 118 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦2 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## अखिलेश यादव के प्लेन को नहीं मिली लैंडिंग की अनुमति

मुरादाबाद(उद ब्यूरो)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्लेन को मुरादबाद में लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई जिस पर समाजवादी पार्टी ने नाराजगी जाहिर की है। पार्टी का दावा है कि कार्यक्रम पूर्व घोषित था, इसके बावजूद सपा सुप्रीमों के प्लेन को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव पूर्व विधायक दीप कुमार से मुलाकात करने जा रहे थे लेकिन प्लेन लैंडिग की अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया। पार्टी का दावा है कि इससे पहले झांसी में भी इसी तरह से प्लेन लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई थी। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर इसे अलोकतांत्रिक कृत्य करार दिया है। ट्वीट में कहा गया है कि योगी सरकार के दबाव में आकर पूर्व घोषित कार्यक्रम हेतु (शेष पृष्ठ सात पर)



## बनभूलपुरा में अवैध भवनों पर गरजी जेसीबी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा में अवैध अतिक्रमण पर जिला गुरुवार को फिर जेबीबी गरज गई। बल तैनात रहा। बीते दिनों लाइन नंबर 8 में मस्जिद के ठीक सामने हुए अवैध निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस सरकारी कार्यों में बाधा डाली, उसके बाद पुलिस के 200 अज्ञात और पांच नामजद लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। को वहीं से प्राधिकरण की जेसीबी के द्वारा हटाया जा रहा है। बनभूलपुरा में जिला विकास प्राधिकरण एवं नगर



कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत के निर्देश पर बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाया गया। विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया था जिसमे कुछ लीगों द्वारा पुलिस और गुरुवार को प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह और नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय की मौजूदगी में अवैध निर्माण निगम हल्द्वानी की टीम ने संयुक्त रूप से सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं नगर आयुक्त पंकज (शेष पृष्ठ 7 पर)

## 25 हजार का ईनामी गौ तस्कर कासिम गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार रूपये के ईनामी गौ तस्कर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेल दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा राज्य के इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा उत्तराखंड में गैंगस्टर एवं इनामी अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश अपनी टीमों को दिए गए हैं। जिस क्रम में गत रात्रि सीओ एसटीएफ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित एसटीएफ टीम द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर के फरार



25000 रुपये के ईनामी अपराधी कासिम को दरुऊ चौक थाना किच्छा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार इनामी अपराधी कासिम थाना किच्छा के उत्तराखंड गौवंश संरक्षण अधिनियम व धारा 11(घ) पशु क्रूरता अधि नियम में पिछले काफी समय से वांछित चल रहा था। यह इतना शातिर था कि इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा घोषित किया गया था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की एक टीम पिछले 3 दिनों से इनामी अपराधी कासिम की गिरफ्तारी हेतु किच्छा में डेरा डाले हुए थी। लगातार प्रयासों के पश्चात इनामी अपराधी कासिम की स्टेप टीम द्वारा गिरफ्तारी करने के पश्चात उसे कल देर रात्रि में थाना किच्छा में दाखिल किया गया। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ के लिए एसटीएफ की विभिन्न टीमें लगातार कार्य कर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पेड़ से भिड़ी ट्रैक्टर ट्राली,युवक की मौत

रूद्रपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। टेंट हाउस का सामान लेकर हल्द्वानी जा रही ट्रैक्टर ट्राली टांडा जंगल में पेड़ से टकरा गयी। आधी रात हुए हादसे में टैंट हाउस का कर्मचारी बुरी तरह घायल हो गया। उसे आनन-फानन में एसटीएच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मूलरूप से पश्चिम बंगाल के झारबारी गौलपाकर उत्तर दिनाजपुर का रहने वाला 22 वर्षीय अबीदुर्र लंबे समय से रुद्रपुर में गंगापुर रोड पर अपने परिवार के साथ रहता था और वहीं स्थित एक टेंट हाउस में काम



करता था। वह टेंट हाउस की ट्रैक्टर-ट्राली से टेंट लेकर हल्द्वानी आ रहा था। देर रात ढाई बजे टांडा जंगल में वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा (शेष पृष्ठ सात पर)

## पर्यटकों की मर्सडीज में भड़की आग

देहरादून (उद संवाददाता)। मसूरी-देहरादून रोड पर ऋषि आश्रम के पास एक मर्सिडीज में अचानक आग लग गई जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। कार में आग लगने की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की है। बताया गया है कि बुध वार को हरियाणा के पर्यटक मसूरी घूमने आए थे देर रात मसूरी झील के निकट उनकी मर्सिडीज कार गर्म होने लगी। कार को गर्म होता देख चारों लोगों ने कार को वापस देहरादून के लिए मोड़ दिया। इसी बीच ऋषि आश्रम के निकट मैगी प्वाइंट के पास चारों लोग गाड़ी से नीचे उतर गए और चाय पीने के लिए चले गए। तभी कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते कार धुंए और आग की लपटों से घिर गई।



## जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए हुआ मतदान

### अध्यक्ष पद पर एमपी तिवारी और विरेन्द्र गोस्वामी के बीच कड़ा मुकाबला

रूद्रपुर। जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए आज गहमा गहमी के से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। बार एसोसिएशन चुनाव में इस बार 13 पदों निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर भी पद पर एमपी तिवारी और विरेन्द्र गोस्वामी के बीच सीधा मुकाबला है। सचिव पद



बीच मतदान हुआ। चुनाव अधिकारी सना उल्ला खां की देख रेख में सुबह नौ बजे के लिए 21 प्रत्याशी मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार मिश्रा का शाहिद हसन और प्रीतम लाल का निर्विरोध निर्वाचन तय हो चुका है। अध्यक्ष पर सर्वेश कुमार सिंह और सुशीला मेहता के बीच आमने सामने (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जेल में आइटीआई गैंग के सदस्य ने एएसआई से की हाथापाई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी जेल में बंद आइटीआइ गैंग के सदस्य व एएसआइ के बीच हाथापायी हो गई। इससे जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जेल अधीक्षक व अन्य कर्मियों ने बीच बचाव कर मामला शांत किया। पुलिस ने मामले में देवेंद्र बिष्ट पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट, गालीगलौज व जान से मारने की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है। रूद्रपुर पुलिस लाईन में तैनात एएसआइ मनोज सिंह कार्की ने बताया कि बुधवार को वह टीम के साथ हल्द्वानी जेल में मुल्जिम ड्यूटी पर आए थे। ऊधम सिंह नगर कोर्ट से संबंधित बंदियों के पास मौजूद सामग्री की गार्ड एंड एस्कोर्ट रूल के तहत चेकिंग की जा रही थी। इस बीच एक बंदी अतिरिक्त सब्जी व पूरी लेकर गेट पर पहुंचा तो उन्होंने इसे नियम विरुद्ध बताते हुए अतिरिक्त सब्जी-पूरी ले जाने पर मना कर दिया। जेल में बंद हल्द्वानी निवासी देवेंद्र बिष्ट पुत्र बलवीर सिंह ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया। देवेंद्र ने अभद्रता की तो उन्होंने एक थप्पड़ जड़ दिया। इस पर आरोपित ने भी उनसे मारपीट कर दी। खुद को आइटीआइ गैंग का सदस्य बताने वाले देवेंद्र ने अन्य पुलिस कर्मियों से भी गालीगलौज कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी। आरोपी है कि देवेंद्र बिष्ट ने जेल से बाहर निकलने पर देख लेने व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने देवेंद्र बिष्ट के खिलाफ प्राथमिकी कर ली है। जेल प्रशासन के अनुसार आईटीआई गैंग के अधिकांश सदस्य जमानत पर छूट गए हैं। तीन अभी भी जेल के अंदर बंद हैं। आइटीआइ गैंग में अधिकांश अराजक तत्व युवा हैं। हल्द्वानी जेल में (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी आगरा से गिरफ्तार


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाब नेशनल बैंक की मुखानी शाखा से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर मास्टर माइंड को पुलिस ने आगरा से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बैंक शाखा प्रबंधक प्रतिभा जोशी ने थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मुखानी स्थित शाखा से लगे एटीएम से कुछ खाता धारको द्वारा 14 जनवरी 2023 एवं 21 जनवरी 2023 को कई बार ट्रांजैक्शन के माध्यम से गलत तरीके से कुल 117500 रुपए नगदी का आहरण किया गया है। जिसकी गहनता से जांच की जाए। जिस संबंध में थाना मुखानी में धोखाधड़ी की धारा 420 आईपीसी के अंतर्गत अज्ञात संदिग्धों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना महिला उप निरीक्षक प्रीति के सुपुर्द की गई। धोखाधड़ी की घटना के अनावरण हेतु रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त घटना की विवेचना कर रही महिला उपनिरीक्षक प्रीति के साथ एसओजी व पुलिस टीम ने घटना से संबंधित तथ्यों की गहनता के साथ जांच की तथा ट्रांजैक्शन एटीएम के सभी सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया। जिसमें नामजद व्यक्तियों द्वारा ट्रांजैक्शन के दौरान संदिग्ध गतिविधियां करते (शेष पृष्ठ सात पर)



# पहाड़ में पहाड़ है..और ऊपर कोई नहीं!


## अनुष्का शर्मा ने फेसबुक पेज पर शेयर की विराट और बेटी के साथ ट्रेकिंग व गांव के मवेशियों की तस्वीरें,देहरादून पहुंचने की चर्चायें







ऋषिकेश। उत्तराखंड में अपने छह दिन के प्रवास के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा बुधवार की दोपहर स्वामी दयानंद आश्रम से विदा हुए। यहां से वह जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे और लौट गए। वहीं उनके देहरादून पहुंचने की सूचना है। बता दें कि देहरादून में अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का नलिहाल है। इसलिए यह संभावना जताई जा रही है कि विराट और अनुष्का बेटी के साथ देहरादून आ सकते हैं। बुधवार की दोपहर विराट और अनुष्का ने आश्रम परिवार से विदा ली। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी बेटी वामिका के साथ उत्तराखंड पहुंचे हैं। इस दौरान अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने फेसबुक पेज पर इस यात्रा की खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में विराट कोहली बेटी वामिका के साथ नदी में अठखेलियां करती दिख रही है। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने फेसबुक पेज पर पहाड़ में पहाड़ है और ऊपर कोई नहीं इस शीर्षक के साथ अपने यमकेश्वर प्रखंड स्थित रिसार्ट प्रवास और यात्रा की कुछ यादगार तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में बैरागढ़ के समीप हेंवल नदी किनारे विराट, अनुष्का और सहयात्री चलते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, विराट अपनी बेटी को गोद में लिए नदी के जल का स्पर्श भी करा रहे हैं। इन सभी फोटो में अनुष्का ने गांव के घर, वहां के मवेशियों की फोटो भी शेयर की है। बता दें कि 26 से 29 जनवरी तक विराट और अनुष्का यमकेश्वर प्रखंड के बैरागढ़ स्थित सहेजा योग रिट्रीट सेंटर में ठहरे थे। सोमवार की शाम बाबा ऋषिकेश स्थित स्वामी दयानंद आश्रम आ गए थे। मंगलवार को उन्होंने यहां धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की और विराट-अनुष्का आश्रम में ही रुके। विराट और अनुष्का बेटी वामिका के साथ 26 जनवरी को उत्तराखंड पहुंचे थे। उन्होंने चार दिन सहेजा योगा रिट्रीट सेंटर में बिताए। सोमवार शाम विराट



और अनुष्का मुनिकीरेती स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती आश्रम पहुंचे थे।दयानंद आश्रम के अध्यक्ष साक्षातकृता नंद महाराज, प्रबंधक गुणानंद रयाल आदि ने उन्हें यहां से विदा किया। वहीं बुधवार को स्वामी दयानंद सरस्वती आश्रम का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। जिसके बाद विराट और अनुष्का यहां से रवाना हो गए। इससे पहले विराट कोहली, पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने मंगलवार का दिन गंगा और संतों के सानिध्य में बिताया। उन्होंने मुंबई निवासी मित्र रहेजा डेवलपर्स परिवार की ओर से संतों के लिए आयोजित भंडारे में भी शिरकत की। विराट दंपती ने संतों का आशीर्वाद लिया। शाम को विराट आश्रम परिसर में बेटी वामिका के साथ खेलते नजर आए। विराट और अनुष्का बेटी वामिका के साथ 26 जनवरी को उत्तराखंड पहुंचे थे। उन्होंने चार दिन सहेजा योगा रिट्रीट सेंटर में बिताए। सोमवार शाम विराट और अनुष्का मुनिकीरेती स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती आश्रम पहुंचे थे। यहां उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती की समाधि पर पूजा-अर्चना की। आश्रम के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आध्यात्मिक गुरु रहे हैं। विराट और अनुष्का का इस आश्रम से कोई सीधा नाता नहीं है। वह ऋषिकेश व आसपास क्षेत्र में आश्रम प्रवास के लिए आना चाह रहे थे। विराट को उनके मित्र अभिनेता रजनीकांत ने श्री दयानंद आश्रम जाने की सलाह दी। रजनीकांत के भी स्वामी दयानंद सरस्वती गुरु रहे हैं। रजनीकांत अक्सर यहां आते रहे हैं। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे विराट और अनुष्का गंगा तट पर स्थित आस्था पथ पर घूमने निकल गए। भ्रमण के दौरान इन्होंने सहज भाव से सभी के साथ मुलाकात की। विराट और अनुष्का ने आश्रम में सुबह के समय योग करने के साथ ध्यान लगाया। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का के पथरी क्षेत्र के अंबूवाला स्थित अनंत धाम पहुंचने की चर्चाएं पूरे दिन होती रही। बड़ी संख्या में ग्रामीण और उनके प्रशंसक आश्रम के बाहर पहुंच गए। देर शाम तक दोनों के यहां नहीं पहुंचने पर प्रशंसक मायूस लौट गए।

# अमृत काल का सर्वस्पर्शी एवं समावेशी बजट : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को अपना पांचवां बजट पेश किया। वहीं आम बजट में अलग- अलग सेक्टरों के लेकर कई ऐलान किए गए हैं। जिसे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शानदार बताया है। वहीं अब बजट को लेकर पक्ष-विपक्ष और आम लोगों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शानदार बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्ध्होंने कहा है कि श्मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं और देश के लोगों के सामने शानदार बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देता हूं। यह बजट देश के साथ-साथ दुनिया के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। मुख्य्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट 2023-24 विकसित भारत के विराट संकल्प को एक नई मजबूती प्रदान करता अमृत काल का सर्वस्पर्शी एवं समावेशी बजट है। अमृत



काल में 130 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को मूर्त रुप प्रदान करने वाले इस जनकल्याणकारी बजट हेतु प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री का सहृदय आभार। प्राकृतिक कृषि एवं इससे संबंधित स्टार्टअप्स समेत पर्यटन व सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देता यह बजट निश्चित तौर पर उत्तराखण्ड को 2025 तक सर्वश्रेष्ठ राज्यों में सम्मिलित करने हेतु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पूर्व मुख्य्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि संसद में प्रस्तुत आम बजट 2023-24 नए भारत के निर्माण एवं समृद्धि का संकल्प है। यह बजट देश की 130 करोड़ देश वासियों की भावनाओं का सार एवं उनकी सेवा का आधार है। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, लोकहितकारी, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला एवं हर वर्ग की आशाओं का पुंज है। आजादी के अमृत काल का यह बजट विकसित भारत का संकल्प है, निसंदेह यह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। केन्द्रीय बजट 2023-24 का स्वागत करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री का हार्दिक अभिनंदन एवं धन्यवाद करता हूं।

## महंगाई पर कुछ लगाम लगी? गैस का सिलेंडर या तेल की बोतल सस्ती हो इस दिशा में ये बजट ने कुछ कहा है?

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए बजट को लेकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का बजट युवाओं और किसानों को निराश करने वाला बजट है। दैवीय आपदाओ से जूझ रहे उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। केंद्र सरकार के आम बजट पर उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुरूवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होने कहा है कि बहनों नमस्ते! निर्मला सीतारमण जी के बजट को अब 24 घंटे के करीब होने जा रहे हैं। महंगाई पर कुछ लगाम लगी? आपको मिलने वाला गैस का सिलेंडर या तेल की बोतल सस्ती हो इस दिशा में ये बजट ने कुछ कहा है? नमस्ते मेरे नौजवान दोस्तों, आपके हाथ में डिग्रियां हैं, डिप्लोमा हैं। निर्मला जी के बजट को 24 घंटे हो गए हैं, क्या आपको कहीं से लग रहा है कि आपकी योग्यता का उपयोग हो सके, निर्मला सीतारमण जी का बजट उसका रास्ता निकाल रहा है? यदि ऐसा है तो मेरा भी मार्गदर्शन करें। श्री नरेंद्र मोदी सरकार का यह आखरी बजट, उस खाली लिफाफे की तरीके से है जिसको ऐसी घोषणाओं के बल पर फुलाया गया है, जिनको इस वित्तीय वर्ष में धरती पर आना ही नहीं है। दुर्भाग्य की बात है कि किसानों की आमदनी दुगनी करने की बात तो छोड़ दीजिए, किसानों की आमदनी में कितनी वृद्धि हुई यह बताने



में भी यह बजट असफल सिद्ध हुआ है। निम्न-मध्यम वर्ग और सैलरीज क्लास को इनकम टैक्स में एक ऐसी राहत दी गई है जिस राहत के बलबूते पर वह निरंतर बढ़ती हुई महंगाई का सामना नहीं कर पाएगा, एक नाम मात्र की छूट की सीमा बढ़ाकर उसका ढिंढोरा पीटा जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण से जुड़ी हुई योजनाएं जो दलितों, पिछड़ों, कमजोर हों के लिए हैं उनके बजट में कमी की गई है। मनरेगा के बजट में भी कटौती की गई है। बढ़ती हुई बेरोजगारी को साधने के कोई उपाय बजट में दृष्टिगत नहीं होते हैं। महंगाई इस बजट के बाद और बढ़ेगी। हां, अपने चहेते अभिजात्य वर्ग को अवश्य डायरेक्ट टैक्सेस के जरिए कुछ राहत पहुंचाने की चेष्टा की गई है। इस बजट से किसानों, नौजवानों, दलितों, पिछड़ों, कमजोरों में निराशा बढ़ेगी। आर्थिक असमानता, गरीब-अमीर की बीच की खाई और बढ़ेगी। उत्तराखंड के लिए भी यह बजट पूर्णतः निराशाजनक है। उत्तराखंड आशा लगाए बैठा था, कम से कम अपने अंतिम बजट में मोदी जी उत्तराखंड जैसे हिमालई राज्यों को ग्रीन बोनस देने की घोषणा करेंगे। ग्रीन बोनस देना तो एक तरफ आपदा से कैसे निपटें उत्तराखंड जैसे राज्य उसके लिए मदद देने के मामले में बजट पूर्णतः चुप्पी है। जिस राज्य के सम्मुख जोशीमठ जैसी एक बड़ी समस्या आकर के खड़ी हुई है, उस जैसे राज्य की कैसे मदद की जाएगी इस पर एक शब्द भी नहीं कहा गया है।

## स्वास्थ्य और शिक्षा का बजट घटना निराशाजनक : आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बजट में शिक्षा बजट घटाकर 2.64 % से 2.5 % करना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्वास्थ्य बजट घटाकर 2.2 % से 1.98 % करना हानिकारक है। बढ़ती बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा, गगनचुंबी महंगाई और छोटे मझोले उद्योगों के अस्तित्व पर संकट इन सबके लिए बजट में कुछ भी नहीं है।कृषि, पब्लिक हेल्थ, शिक्षा, मनरेगा, फूड सिक्यूरिटी व सामाजिक सरोकारों, जन कल्याण के बजट आवंटन पिछले वर्ष की तुलना में कम किए गए है। जो किसान-मजदूर, गरीबों, पिछड़ों, दलितों आदिवासियों के लिए खतरे की घंटी है। मध्यम वर्ग को शहद में लिपटी कड़वी गोलियों के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है। आयकर सुधार उस नयी व्यवस्था में है, जिसमें छूट देने के प्रावधान नहीं है। अमृत काल में उद्योगपतियों को और रियायतें दी हैं, लेकिन असंगठित क्षेत्र की उपेक्षा जारी है। बजट 2023 से महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी का बढ़ना तय है।

# उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की स्क्रीनिंग प्री परीक्षाओं में फिर लागू हुआ न्यूनतम अंकों का नियम

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की स्क्रीनिंग या प्री परीक्षाओं में पास होने के लिए अब न्यूनतम अंक तय कर दिए गए हैं। आयोग ने जून 2019 में यह नियम हटा दिया था, जिसे अब उत्तराखंड लोक सेवा आयोग परिणाम निर्माण परिनियमावली 2022 में जोड़कर दोबारा लागू कर दिया है। दरअसल, राज्य लोक सेवा आयोग ने 26 जून 2019 को प्री परीक्षाओं में न्यूनतम अंक लाने की अनिवार्यता हटा दी थी। इस पर पूर्व राज्य आंदोलनकारी रविंद्र जुगरान सहित प्रदेशभर से उम्मीदवार विरोध जता रहे थे। जुगरान का कहना था कि इस वजह से राज्य लोक सेवा आयोग की प्री परीक्षाओं में शून्य अंक लाने वालों को भी मुख्य परीक्षा में बैठने का अवसर मिलता रहा है। राज्य लोक सेवा आयोग ने बुधवार को न्यूनतम अंकों की अनिवार्यता को फिर लागू कर दिया। आयोग के सचिव जीएस रावत ने बताया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली-2012 के तहत जनरल कैटेगरी के लिए न्यूनतम 35 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 30 प्रतिशत और एससी, एसटी के लिए 25 प्रतिशत अंक प्री परीक्षा में लाने का प्रावधान उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया विनियमावली 2022 में जोड़ दिया है। इसके तहत अब किसी भी प्री परीक्षा में इतने न्यूनतम अंक लाने पर ही मुख्य परीक्षा के लिए चुने जाने का विकल्प मिलेगा। इससे कम अंक आने पर मुख्य परीक्षा में मौका ही नहीं मिलेगा। राज्य की महिलाओं को नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण सरकार ने लागू कर दिया तो राज्य लोक सेवा आयोग की पीसीएस मुख्य परीक्षा का गणित बिगड़ गया है। राज्य आंदोलनकारी रविंद्र जुगरान का कहना है कि खुद आयोग का यह नियम है कि एक पद के सापेक्ष 15 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जा सकता है, लेकिन राज्य लोक सेवा आयोग एक पद के सापेक्ष 70 अभ्यर्थियों को बुला रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन के समय आरक्षण लागू था। बीच में हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था, लेकिन अब सरकार इसका अध्यादेश ला चुकी है। हाईकोर्ट के आदेश के तहत जिन दूसरे राज्यों की महिला अभ्यर्थियों को आयोग ने पीसीएस मुख्य परीक्षा के लिए योग्य घोषित किया था, उन्हें अब आरक्षण लागू होने के बाद हटा देना चाहिए था। इसके बजाए आयोग ने उन्हें जनरल कैटेगरी में शामिल कर दिया है, जिससे वहां मुकाबला और कड़ा हो गया है। आयोग का 15 अभ्यर्थियों का अनुपात भी बिगड़ गया है।

# ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक परिसर में किया प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं केंद्रीय एवं राज्य वित्त की समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान संगठन के बेनर तले प्रधानों ने विकास खंड में प्रदर्शन कर तालाबंदी की। इस दौरान प्रधानों ने प्रदेश सरकार पर विकास कार्यों के लिए बजट उपलब्ध कराने में अनदेखी का आरोप लगाया। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने गदरपुर ब्लॉक कार्यालय



में पहुंच कर धरना प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी कर दी। बाद में प्रधानों ने 24 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन विकासखंड अधिकारी शेखर जोशी के माध्यम से सीएम को प्रेषित किया। प्रदर्शन के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह विर्क, संजय चौधरी,केतन कुमार, कविता, विजय कुमार, मंगल सिंह, रिजवान, मनोज देवराड़ी, हिमांशु गोस्वामी, अजय राजपूत, महेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे स

# पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा केंद्रों के पास एलआईयू टीम रहेगी तैनात

देहरादून। प्रदेश में पेपर लीक होने के बाद उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पटवारी-लेखपाल भर्ती में इस बार पुलिस के साथ एलआईयू भी तैनात की गई है। राज्य लोक सेवा आयोग ने जहां सख्त एक्शन प्लान बनाया है तो वहीं सरकार ने भी सभी जिलों के जिलाधिकारी व एसएसपी को निर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य लोक सेवा आयोग ने आठ जनवरी को पटवारी-लेखपाल भर्ती की परीक्षा कराई थी। इस परीक्षा में आयोग के ही अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने पेपर लीक कर दिया था। परीक्षा रद्द होने के बाद आयोग ने नए सिरे से परीक्षा की पूरी कसरत की है। एक ओर जहां आयोग दफ्तर में इंटेलीजेंस ने डेरा जमाया हुआ है, हर अधिकारी-कर्मचारी पर बारीकी से नजर रखी जा रही है तो दूसरी ओर आयोग ने भी अब 12 फरवरी को दोबारा होने जा रही पटवारी-लेखपाल भर्ती के लिए सख्त एक्शन प्लान बनाया है। आयोग ने भरोसे के कर्मचारियों को साथ लेकर सभी गोपनीय व अतिगोपनीय अनुभागों को एक ही जगह कर दिया है। उधर, सरकार के निर्देशों पर तय किया गया है कि हर शहर के हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस तैनात रहेगी। साथ ही आसपास के इलाकों में एलआयू की टीमें उतारी गई हैं। भर्ती परीक्षा से जुड़ी हर हरकत पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा के लिए राज्य लोक सेवा आयोग आज बृहस्पतिवार को एडमिट कार्ड जारी करेगा। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि परीक्षा के लिए 1,58,210 उम्मीदवार पंजीकृत हैं। आठ जनवरी को इनमें से 1,14,071 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 498 केंद्र बनाए गए हैं। फिलहाल आयोग ने किसी परीक्षा केंद्र में कोई बदलाव नहीं किया है।















# वंदना जिलाध्यक्ष और रमेश जोशी जिला मंत्री बने

## उत्तराचंल मेडिकल एवं पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराचंल मेडिकल एवं पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन का अधिवेशन और द्विवार्षिक चुनाव को लेकर बैठक जवाहर लाल नेहरु जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित हुई। जिसमें पिछली कार्यकारिणी का वित्तीय का आय व्यय का ब्यौरा रखा गया। इसके बाद जिले की नई कार्यकारिणी को लेकर चुनाव की कार्रवाई शुरु हुई। चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल और चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष कैलाश जोशी की देख रेख में शुरु हुई। जिलाध्यक्ष पद पर वंदना रावत के साथ ही अन्य पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गये। जिला मंत्री पद के लिये सहमति न बनने पर देर रात तक चली चुनाव की कार्रवाई के दौरान रमेश चन्द्र जोशी और शंकर गुप्ता के बीच मुकाबला हुआ। इसमें रमेश चन्द्र जोशी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर अमृता त्रिपाठी,संगठन मंत्री सौरभ बिष्ट,कोषाध्यक्ष जानकी चौधरी,संप्रेक्षक पद पर शैली निर्विरोध चुने गये। चुनाव अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर भीम त्रिपाठी,सुरेन्द्र सिंह डंगवाल, अशोक सक्सेना,भावना पंत,शंकर गुप्ता,रजत भट्ट,गीता पांडे,अतुल कुमार,मोहन लाल भारती,कमल किशोर तिवारी,दुर्गेश मर्तोलिया,पंकज गुरुरानी, अमर सिंह,हरीश लाल,माया,कुंदन बिष्ट, सत्यप्रकाश लोहनी,रोशन बहादुर, सुमित,विजय सिंह,शुभम कुमार, आस्था, इंद्रा ईटवाल आदि मौजूद रहे। उधर जिला मंत्री जोशी ने कहा किवह संगठन की मजबूती के लिये कोइ कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों का भी सहयोग के लिये आभार जताया।

# अनुष्ठान में शामिल होने उत्तरकाशी पहुंचीं अपर्णा यादव

उत्तरकाशी। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी बहु व भाजपा नेता अपर्णा यादव बुधवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी पहुंचीं। यहां उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने केंद्र सरकार के बजट को महिलाओं के लिए मील का पत्थर बताया है। अर्पणा यहां अपने मायके डुंडा ब्लॉक के सैंणी में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए आई हुई हैं। बुधवार देर शाम अपर्णा यादव उत्तरकाशी पहुंचीं। हेलीकॉप्टर से हेलीपैड मातली पहुंचने के बाद वे उत्तरकाशी सड़क से पहुंचीं। यहां उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में महिलाओं का विशेष ध्यान रखा है। यह बजट महिलाओं के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अपर्णा अपने मायके डुंडा ब्लॉक के सैंणी



में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए पहुंची हैं। उनके पिता अरविंद बिष्ट ने अपने घर में पांच दिवसीय अनुष्ठान रखा है। अपर्णा के पिता उत्तर प्रदेश में सूचना आयुक्त रह चुके हैं।

# आम बजट में हर वर्ग का रखा गया है ध्यान: सुरेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वर्ष 2023-2024 के लिए प्रस्तुत बजट पर वरिष्ठ कर अधिवक्ता सुरेश कुमार मुंजाल ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बजट को जनकल्याणकारी बताते हएु कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने इस वर्ष जो बजट पेश किया है उसमें देश के सभी वर्ग के लोगों- मध्यम वर्ग, नौकरी-पेशा वर्ग, छोटे व्यवसायियों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। इस बजट में देश को आर्थिक मन्दी से उबारने में विशेष सहयोग मिलेगा तथा मध्यम वर्ग, नौकरी पेशा एवं छोटे व्यवसायियों पर कोई अतिरिक्त बोझ भी नहीं पड़ेगा और देश की आर्थिक व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इस वित्तीय वर्ष का बजट केन्द्रीय सरकार का एक सराहनीय कदम है जो भारत को आत्म निर्भरता की ओर बढता कदम है। इस वित्तीय बजट में टैक्स में धारा- 87 ए के अन्तर्गत 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रूपये तक जो छूट का जो प्राविधान रखा है वह अति सराहनीय कदम है। इसके लिए भारत के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।



# छात्राएं अपनी क्षमताएं पहचानकर करें लक्ष्य निर्धारित: माधवी अवस्थी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर में कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग के अंतर्गत परीक्षाओं के दौरान मानसिक तनाव को दूर करने और समय प्रबंधन के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. माधवी अवस्थी वरिष्ठ मनो विशेषज्ञ स्टेप अप रेहबीलीटेशन द्वारा छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचान कर, अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने हेतु भरसक प्रयत्न करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने स्ट्रेस से निपटने के लिए अनुशासन, सृजनात्मक सोच, और आंतरिक रूप से खुश रहते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर कर्म करने की सलाह दी। मनोचिकित्सक द्वारा ब्रीथिंग परीक्षाओं की तैयारी हेतु लिखने, ग्राफ, फ्लो चार्ट बनाकर अभ्यास हेतु प्रेरित किया गया। डॉक्टर छाया शुक्ला ने समय प्रबंधन कर नियमित दिनचर्या अपना कर पाठ्यक्रम पूर्ण करना पुनरावृति का सुझाव दिया। उन्होंने नोट्स बनाकर पढ़ने स्पष्ट तथा पठनीय लेख द्वारा उत्तर लिखने का अभ्यास करने को कहा। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के प्रीतम सिंह और आईएसडी की बिंदु वासिनी द्वारा परीक्षाओं में अच्छे प्रदर्शन हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा पांडे द्वारा किया गया।



# विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से प्रारंभ हुआ बावा कन्वेंशन कार्यक्रम



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इन्स्टीटयूट (दिव्यांग जन हेतु समर्पित) के बच्चों ने बावा कन्वेंशन (बजाज ऑटो वेंडर एसोसिएशन) का रेडिसन ब्लू में आयोजित कार्यक्रम में स्टार्ट इंस्टिट्यूट के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने गणेश वंदना व 'तेरी है जमीन तेरा आसमान' गाना प्रस्तुत किया। वहां पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने तालियों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बावा बजाज ऑटो वेंडर एसोसिएशन के प्रमुख, प्रबंधक, ऑनर, सीईओ, सी ओ ओ, संस्थान की प्रमुख शकुन्तला मेहता , कविता रावत, पुष्पा त्रिपाठी, सरिता देवी, प्रियंका, उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुतला फूंका

## पूर्व प्रधानमंत्री की शहादत पर अपमानजनक टिप्पणी से फूटा गुस्सा

अल्मोड़ा/बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी द्वारा विगत दिवस काँग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं एंव पूर्व प्रधानमंत्रियों की शहादत पर अपनी तुच्छ मानसिकता क परिचय देते हुए पत्रकारों के समक्ष अभ्रद टिप्पणी करने के खिलाफ काँग्रेसियों ने आज जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज गुडडू के नेतृत्व में चघ्घानपाटा में एकत्रित होकर मंत्री गणेश जोशी के पुतले को आग के हवाले कर मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगाये।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज ने कहा कि प्रदेश के सघनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी मानसिक दिवालियापन के शिकार हो गये है। जनहित की समस्याओं को दूर करने में विफल मंत्री काँग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं और देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी देकर अपनी शैक्षिक योग्यता का परिचय दे रहे हैं, से मानसिक रोगी मंत्री को मुख्यमंत्री को तत्काल मंत्रीमंडल से बाहर करना चाहिए।पूर्व प्रांतीय सचिव एंव नगर प्रभारी त्रिलोचन जोशी ने कहा कि प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने संविधान द्वारा प्रदत्त राज्य निष्ठा की गोपनीयता एंव शपथ का अपमान करके देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों की शहादत पर मानसिक रोगी के तहत अभद्र टिप्पणी की जिसका कांग्रेसजन तीव्र विरोध करते हैं । मंत्री गणेश जोशी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के आन्दोलन की जननी रही मंसूरी के आन्दोलनकारियों का भी अपमान किया हैं। ऐसे मंत्री को मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। नगर अध्यक्ष तारा चन्द्र जोशी ने मंत्री गणेश जोशी से देश की जनता से माफी माँगकर सार्वजनिक राजनीति से सन्यास लेने की पुरजोर माँग की।रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज सनवाल ने कहा कि सैनिक बाहुल्य उत्तराखण्ड राज्य के सैनिक कल्याण मंत्री देश की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री एंव विश्व की लौह महिला की शहादत पर जो अशोभनीय टिप्पणी दी, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्रीमंडल से बाहार करना हितकर होगा।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र भोज, महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी, महिला जिला महामंत्री राधा बिष्ट, नगर अध्यक्ष तारा चन्द्र जोशी, नगर प्रभारी एंव पूर्व प्रान्तीय सचिव त्रिलोचन जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, पूर्व नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रघ्तेला, रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष मनोज सनवाल, ब्लाँक अध्यक्ष देवेन्द्र बिष्ड, अम्बीराम आर्य, प्रमोद पंवार भीमा, नारायण दत्त पाण्डेय, परितोष जोशी, सुनील कर्नाटक, प्रदेश सोशल मीडिया महासचिव शरद चन्द्र साह, बाल विक्रम रावत, अमित बिष्ट, प्रदेश सेवादल ध्वजवाहक संजय दुर्गापाल, सरस्वती रोडिया, महेश चन्द्र आर्य, देवेन्द्र सिंह बिष्ट गुडडू , रितिक नयाल, संजय कर्मयाल, गोपाल भट्ट, देव सिंह कनवाल, नितिन रावत, पूरन सिंह अधिकारी, मनोज बिष्ट, नवल बिष्ट आदि मैजूद थे।बागेश्वर। पूर्व पीएम एवं लौह महिला स्व इंदिरा गांधी की शहादत को हादसा करार देते हुए भाजपा के मंत्री द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार, मंत्री तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया।मंत्रियों को अनर्गल बयानबाजी से बाज आने की नसीहत दी। जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए।यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री गणेश जोशी ने गांधी परिवार पर अनर्गल बयानबाजी की है। इस तरह की बयानबाजी कांग्रेस सहन नहीं करेगी। उन्होंने जोशी से अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की है। इसके अलावा महंगाई पर सरकार को घेरा। वक्ताओं का कहना है किदेश गांधीवादी विचार धारा का परिचायक है, आज गैस सिलेंडर से लेकर रोजमर्रा की चीजे चार गुनी बढ़ गई है। इसे कम करने के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। इसके बाद कांग्रेसियों ने गणेश जोशी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा प्रदेश सरका का पुतला दहन किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेन्द्र टंगड़िया, गीता रावल,कवि जोशी, राजेन्द्र परिहार, भगवत रावल, लक्ष्मी धर्मशक्तू, सुनीता टम्टा, भूपेश खेतवाल, सुरेश खेतवाल,भीम कुमार आदि मौजूद रहे।





## अल्ट्रासाउण्ड मशीन में ट्रेकर लगाने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय काशीपुर की चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पिछली बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन आख्या को आगामी बैठकों में पहले एजेण्डा के रूप शामिल करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने चालू वित्तीय वर्ष हुए ऑपरेशन्स का ब्रेकअप डाटा ऑपरेशन की श्रेणीवार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अपने-अपने कार्य क्षेत्र में मात्र ओपीडी तक ही सीमित न रहते हुए ऑपरेशन करने पर भी विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें ताकि जनता को स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने आयुष्मान योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि को भी आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि आयुष्मान योजनान्तर्गत नियमानुसार सम्बन्धितों को समय से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाये। जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के पास सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। समिति ने अल्ट्रासाउण्ड मशीन में ट्रेकर लगाने, रक्तकोष हेतु बिजली की अस्थिरता को रोकने के लिए 40 किलावाट 110 वॉल्ट सर्वो को जैम पोर्टल से खरीदने, कैन्टीन संचालन हेतु पूर्व दरों पर नवीनीकरण करने, ओटी हेतु 50 कटसीट तथा 50 गाउन खरीदे का अनुमोदन किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ.कैलाश राणा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल 2022 से 31 जनवरी 2023 तक चिकित्सालय में कुल 90744 ओपीडी की गई है। उन्होंने बताया कि 10632 रोगियों को भर्ती किया गया, 943 ऑपरेशन, 6565 अल्ट्रासाउण्ड, 7471 एक्स-रे, 61205 पैथोलोजी जॉचें, 2539 प्रसव कराने के साथ ही 4123 यूनिट रक्त संकलन तथा 3909 यूनिट रक्त वितरण किया गया है। बैठक में एसीएमओ डॉ.हरेन्द्र मलिक, जिला हौम्योपैथिक अधिकारी डॉ.महेश चन्द्र, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.आषुतोष पन्त सहित सम्बन्धित चिकित्सक व कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे।



## गरीब कल्याण के हितों को पूरा करने वाला बजट: शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये आम बजट को रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने अमृत काल का पहला गरीबकल्याण के हितों को पूरा करने,देश के अन्नदाता की आय दो गुनी करने वाला बताया। विधायक ने कहा इस बजट में अंतिम पायदान पर बैठे गरीब का पूरा ध्यान रखने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। विधायक ने कहा स्वास्थ्य क्षेत्र में भी केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश मे स्वास्थ्य उपकरणों के निर्माण हो ,किसान की आय दो गुनी करने की दिशा में आगे बढ़ने पर जोर वही हर गरीब आत्मनिर्भर बने इसके लिये भी विधायक शिव अरोरा ने कहा चाहे देश मे नये एयरपोर्ट निर्माण की बात हो या गरीब को फ्री राशन ओर माध्यम वर्ग को भी टैक्स में छूट जैसी काफी योजनाओं का लाभ देश की जनता को मिलने वाला है। विधायक शिव अरोरा ने इस बजट को गरीबो का बजट बताया, यह बजट देश के चहुंमुखी विकास की गाथा को तय करेगा । विधायक शिव अरोरा ने देश के बजट को किसान गरीब, वर्द्ध महिला से लेकर हर वर्ग के हित मे बताया। विधायक ने कहा यह बजट देश को विश्व मानचित्र में एक अलग पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।



## लखनऊ से जी-20 का प्रशिक्षण लेकर लौटे टीएमयू के दो टीचर्स

मुरादाबाद (उद संवाददाता)।तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार सिंह और डॉ. विशानन्द दुबे ने जी-20 को लेकर होने वाली प्रशिक्षण बैठक में यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया। लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित कार्यशाला में जी-20 की बैठकों में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। जी-20 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार को 11 जी-20 बैठकों की जिम्मेदारी मिली है। कार्यशाला में प्रशिक्षित शिक्षक जी-20 बैठकों के ऐम्बेस्डर कहलाएंगे, जो स्टुडेंट्स को जी-20 की बैठकों के बारे में संबोधित करेंगे। मनोहर पर्रिकार रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान की विशेषज्ञ डॉ. स्वरित राव कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहीं। इन प्रतिभागियों में से 70-80 प्रतिभागियों से मुख्यमंत्री 3 से 4 फरवरी के बीच लखनऊ में संवाद करेंगे। डॉ. राव ने जी-20 में भारत की अध्यक्षता को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों में अनुरोध किया, भारत को विश्व गुरू बनाने का संकल्प लेने का समय आ गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ. दुर्गाशंकर मिश्रा ने प्रदेश सरकार के जी-20 के सदर्भ में अग्रिम बैठकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा श्री सुधीर महोदव बोवडे ने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर इसका प्रचार-प्रसार करें। इसके संदर्भ में शासनदेश जल्द ही विश्वविद्यालयों में भेजा जाएगा। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के 120 प्रतिभगियों ने भाग लिया।

## डीएम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

कपकोट(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल जिला मुख्यालय में रहने के बजाय जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों का निरीक्षण कर आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर रही है।डीएम अनुराधा पाल ने सिंचाई, लोनिवि, पीएमजीएसवाइ और खंड विकास अधिकारी की संयुक्त बैठक आयोजित की। उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी हासिल की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय और गुणवत्ता के साथ विकास कार्य संपन्न कराएंगे। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि कपकोट में 4.66 करोड़ से घाटों का निर्माण किया जाना है। 26.80 करोड़ के सुरक्षा कार्य करा दिए गए है। जबकि 2.33 करोड़ के बाढ सुरक्षा कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि 8.70 करोड़ के आपदा न्यूनीकरण कार्य स्वीकृत हैं और धनावंटन की प्रक्रिया में है। अधिशासी अभियंतापीएमजीएसवाइ ने बताया कि बदियाकोट-बोरबलडा 25 किमी. स्वीकृत सडक का अंतिम पांच किमी का कटान कार्य प्रगति पर है। जबकि पीएमजीएसवाइ खंड के द्वितीय फेज के 14 सडकें हैं। थर्ड फेज में सात सडकें रखी गई हैं। लोनिवि ने बताया कि उनके पास 18 सडक कार्य हैं। जिसमें से 12 पर कार्य प्रगति में हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि खंड में चार सौ पीएम आवास स्वीकृत हैं। मनरेगा में कार्य प्रगति पर है और मांग अधिक है। जिलाधिकारी के पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ब्लाक में 119 ग्राम पंचायतें हैं। जिसमें 12 ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और चार ग्राम विकास अधिकारी तैनात हैं।डीएम ने सभी अधिकारियों को आमजनता की समस्याओं के समाधान के प्रति गम्भीर होने की बात कही, इस दौरान उपजिलाधिकारी मोनिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जितेश कुमार, डॉ. निशा गोस्वामी, तहसीलदार पूजा शर्मा आदि उपस्थित थे।



ANANT GRAPHICS
9837777818 Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## उम्मीदों के बजट की प्राथमिकताएं

इस बार के बजट को लेकर कई वजहों से लोगों की उत्सुकता बनी हुई थी। यह सरकार के इस कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट है, इसलिए माना जा रहा था कि आगामी आम चुनावों के मद्देनजर इसमें कुछ राहतकारी घोषणाएं अवश्य होंगी। दरअसल हर सरकार अपने अंतिम पूर्ण बजट में ऐसा करती आई हैं। पिछले दो सालों से लगातार अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर बनी रहने की वजह से रोजगार, व्यापार, वाणिज्य के क्षेत्र में सुस्ती का आलम था।अब जब अर्थव्यवस्था कुछ पटरी पर लौटने लगी है, तब बेहतरी के उपायों को लेकर उम्मीद बनी हुई थी। ताजा बजट में इन तमाम पहलुओं पर संतुलन साधने का प्रयास किया है। इस बजट की सात प्राथमिकताएं तय की गई है- समग्र विकास, अंतिम पड़ाव तक पहुंचना, आधारभूत ढांचा निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र। इस वित्त वर्ष में विकास दर सात फीसद रहने का अनुमान है।इसलिए सरकार उत्साहित है कि बजट में तय प्राथमिकताओं को पूरा करने में उसे सफलता मिलेगी। कुछ योजनाएं, जो पहले से चली आ रही हैं, उनमें निवेश बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना को और विस्तार दिया जाएगा। कुछ नई भविष्य की योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं, जिनमें राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भी शामिल है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार के नए अवसर पैदा करना और महंगाई पर काबू पाना है। कोरोना काल में जब महानगरों से पलायन शुरू हुआ और बहुत सारे रोजी-रोजगार के अवसर खत्म हो गए, तब तमाम विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे थे कि ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाना चाहिए। इस दिशा में प्रयास हुए भी हैं, पर कृषि आधारित उद्यमों को अपेक्षित बढ़ावा नहीं मिल पाया है। इसी के मद्देनजर सरकार ने इस बजट में कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता सूची में रखा है। शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप से बहुत सारे उद्यमियों को अपना काम शुरू करने का मौका मिला था। उसके उत्साहजनक नतीजों से ही सरकार को अब कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने का साहस बना है।निश्चय ही, इससे न सिर्फ किसानों और कृषि क्षेत्र की स्थिति सुधरेगी, बल्कि बहुत सारे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इस बजट में खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया है। पचास अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीकरण किया जाएगा, ताकि क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा दिया जा सके।हर साल बजट पर सबसे अधिक नजर वेतनभोगी लोगों की रहती है कि उन्हें आयकर में कोई राहत मिल रही है या नहीं। साथ ही यह भी कि किन वस्तुओं की कीमतें कम होने की उम्मीद है। इस अर्थ में यह बजट अधिक राहतकारी साबित होगा। पहले पांच लाख रुपए तक की सालाना आमदनी करमुक्त थी। अब इसे बढ़ा कर सात लाख रुपए तक कर दिया गया है। यह काफी बड़ा अंतर है। जाहिर है, इससे लोगों की कुछ बचत बढ़ेगी और निवेश के प्रति उनका उत्साह बनेगा। इस बजट में कर ढांचे में बदलाव की वजह से इलेक्ट्रानिक उपकरणों की कीमतों में कमी आने का अनुमान है। जिस तरह इन उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है और सरकार का जोर ग्रामीण क्षेत्रों तक संचार सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर है, इनकी कीमतें घटने से लोगों को राहत मिलेगी। रेलवे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए कई बड़े बजटीय प्रावधान किए गए हैं। सरकार का कहना है कि दस साल पहले के बजट की तुलना में इस बार नौ गुना अधिक धन का आबंटन किया गया है।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार रायने पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा के सभागार में पुलिस बल की उपस्थिति मे पुलिस विभाग से अधिवर्षता सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक राजेन्द्र सिंह बिष्ट व हे0कानि0 (प्रो0) महेश चन्द्र हर्बोला को विदाई देने हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह विदाई समारोह का मंच संचालन उपनिरीक्षक दामोदर कापड़ी द्वारा दोनों अधिकारियों के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए उनके दीर्घकालीन सेवा के दौरान किये गये कार्यो/उपलब्धियों का बखान कर किया सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, निरीक्षक एलआईयू कमल पाठक, यातायात निरीक्षक गणेश हरड़िया, थानाध्यक्ष दन्या जसविन्दर सिंह ने दोनों अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए पुलिस विभाग में उनके द्वारा अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत, लगन व ईमानदारी से दी गयी सेवा की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति के पश्चात सपरिवार स्वस्थ्य एवं दीर्घायु रहने की कामना की गयी। सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के अनुभवों को उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया तथा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं मेहनत लगन से करते हुए हमेशा अपने उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। एसएसपी प्रदीप कुमार राय, द्वारा दोनों अधिकारियों के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए दीर्घकालीन सेवा के दौरान उनके अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा, मेहनत, लगन व ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों को बखूबी निभाने पर दोनों की सराहना करते हुए सभी को उनसे प्रेरणा लेने हेतु कहा गया सम्मान एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा सेवा निवृत्त हो रहे दोनों अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर एवं शाँल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।साथ ही सपरिवार स्वस्थ्य रहने एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गयी दोनों अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि भविष्य में भी हमेशा अपने को पुलिस परिवार का अभिन्न अंग मानकर अपना अनुभव व सहयोग पुलिस विभाग को प्रदान करते रहेंगे सेवा विवरण निरीक्षक राजेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा पुलिस विभाग में जनपद पिथौरागढ़, नैनीताल, बागेश्वर, ऊधमसिंहनगर एवं अल्मोड़ा में नियुक्त रहकर 40 वर्ष, 09 माह की दीर्घकालीन सेवा पुलिस विभाग को प्रदान की गयी हे 0कानि0 (प्रो0) श्री महेश चन्द्र हर्बोला द्वारा पुलिस विभागमेंजनपद नैनीताल, पिथौरागढ़, चमोली एवं अल्मोडा नियुक्त रहकर 40 वर्ष, 01 माह, 26 दिवस की दीर्घकालीन सेवा पुलिस विभाग को प्रदान की गयी । इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक संचार राजीव टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन जीतेन्द्र पाठक, निरीक्षक एलआईयू कमल पाठक, वाचक एसएसपी अल्मोड़ा निरीक्षक अशोक कुमार धनकड़, निरीक्षक यातायात श्री गणेश सिंह हरड़िया, निरीक्षक रेडियो श्री उमाशंकर पाण्डे,थानाध्यक्ष दन्या जसविन्दर सिंह, प्रधान लिपिक हीरा सिंह, आंकिक श्रीमती पुष्पा भट्ट, प्रभारी डीसीआरबी श्रीबलबीर सिंह,उ0नि0 श्रीदामोदर कापड़ी सहित अन्यअधि0कर्म0गण । वसेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।



# सीएम धामी ने की मानसखंड झांकी के हर कलाकार को 50 हजार रुपये देने की घोषणा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मानसखंड झांकी के प्रत्येक कलाकार को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। प्रथम स्थान प्राप्त होने पर मिली ट्राफी सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मुख्यमंत्री को भेंट की। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में झांकी के टीम लीडर संयुक्त निदेशक सूचना केएसचौहान के साथ झांकी के कलाकार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने प्रथम पुरस्कार मिलने पर प्रदेश के लिये सम्मान की बात बताई। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति एवं धार्मिक विरासत को देश व दुनिया में पहचान मिली है। बता दें कि सीएम धामी के मार्गदर्शन से ही मानसखंड पर आधारित झांकी प्रस्तावित की गई थी। श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ की तर्ज पर कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना पर कार्य किया जा रहा है।



# चमोली जिपं अध्यक्ष रजनी भंडारी की बर्खास्तगी का आदेश निरस्त

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने चमोली जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी की बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें बहाल करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने सरकार से पंचायती राज नियमावली का उचित अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के वेकेशन जज न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा की एकलपीठ में मामले की सुनवाई हुई। चमोली की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी की ओर से बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देते हुए सरकार के 25 जनवरी के आदेश पर रोक लगाने और उन्हें पद पर बहाल करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने पैरवी की। अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि सरकार ने रजनी भंडारी को हटाने से पूर्व पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया। जांच में भी पंचायती राज नियमावली का भी उल्लंघन किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह निर्वाचित पदाधिकारी हैं और उन्हें राजनीतिक द्वेष के चलते हटाया गया है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नंदन सिंह बिष्ट की शिकायत पर हुई जांच की सिफारिश के बाद पंचायती राज विभाग की ओर से 25 जनवरी को एक आदेश जारी करके रजनी भंडारी को जिला पंचायत अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। उन पर वर्ष 2012-13 में नंदा राज जात यात्रा मार्ग पर विकास कार्यों संबंधी निविदाओं में गड़बड़ी का आरोप है। आरोप है कि उन्होंने इस दौरान अपने दायित्व का उचित निर्वहन नहीं किया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि एक व्यक्ति की शिकायत पर सरकार ने उन्हें पद से हटा दिया गया, जबकि इस मामले में अभी तक कोई प्रारंभिक जांच तक नहीं हुई। सरकार ने इस मामले में कोई जांच तक नहीं कराई है।

# मुंह पर रुमाल बांधकर वनंतरा रिसार्ट से निकलते हुए दिखाई दिए विनोद आर्या

ऋषिकेश। वनंतरा रिसार्ट प्रकरण के मुख्य आरोपित पुलकित आर्या के पिता पूर्व भाजपा नेता विनोद आर्या बुधवार को एक महिला और तीन अन्य व्यक्तियों के साथ गंगा भोगपुर स्थित अपने रिसार्ट और कैंडी फैक्ट्री पहुंचे। काफी देर तक अंदर समय बिताने के बाद वह मीडिया के सवालों का जवाब दिए बिना वहां से चले गए। वनंतरा रिसार्ट प्रकरण के मुख्य आरोपित पुलकित की गंगा भोगपुर स्थित कैंडी फैक्ट्री और वनंतरा रिसोर्ट घटना के बाद से पुलिस की सुरक्षा में है। 24 घंटे पुलिस और पीएससी रिसार्ट और फैक्टरी की निगरानी कर रही है। केस भी कोर्ट में विचाराधीन है। इस बीच बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे पुलकित के पिता विनोद आर्या अपनी फैक्ट्री और रिसोर्ट पहुंचे। अपने साथ एक महिला व अन्य तीन लोग भी थे। उसके बाद वह फैक्ट्री और रिसार्ट के अंदर चले गए। रिसार्ट में मौजूद पुलिस ने विनोद आर्या को अंदर जाने से नहीं रोका। जबकि विनोद आर्या के पास फैक्ट्री और रिसोर्ट में अंदर जाने की किसी भी प्रकार प्रपत्र मौके पर नहीं थे। मीडिया के पहुंचने की सूचना जैसे ही विनोद आर्या को मिली वह आनन-फानन में फैक्ट्री से बाहर मुंह पर रुमाल बांधकर निकलते हुए दिखाई दिए। मीडिया ने जब उनसे फैक्ट्री और रिसार्ट के अंदर छानबीन करने के मामले में सवाल किए तो वह मीडिया के सवालों से बचते हुए नजर आए। वह बिना जवाब दिए ही अपनी कार में बैठे और रिसार्ट से निकल गए। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि स्वदेशी आयुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक पुलकित की पत्नी सुनीता आर्या की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पौड़ी गढ़वाल के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। जिसमें उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर को संबंधित मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। वह फैक्ट्री परिसर को पुलिस की अभिरक्षा से मुक्त कराना चाहती है। न्यायालय ने इस मामले में एसआइटी के विवेचक से आख्या मांगी। आख्या में बताया गया कि 16 दिसंबर को इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। फैक्ट्री परिसर को सील नहीं किया गया है।



# जोशीमठ क्षेत्र में अनावश्यक एजेंडा चलाने का प्रयास ठीक नहीं : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जोशीमठ भू-धंसाव की आड़ में कुछ लोगों का अनावश्यक अलग तरह का एजेंडा चलाना ठीक नहीं है। वहां राष्ट्रीय महत्व की विकास योजनाओं पर काम हो रहा है, लेकिन कुछ लोग उन्हें रोकने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा ऐसे लोगों को इस तरह के काम नहीं करने चाहिए। जोशीमठ शहर को लेकर राज्य सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। उन्होंने हर संभव सहायता का भरोसा दिया है। उस पर काम भी हो रहा है। हम चाहते हैं कि सभी का पुनर्वास करें, सभी की भरपूर सहायता हो। उन्होंने कहा कि सरकार कोई कमी करने वाले नहीं है। लेकिन कुछ लोग इसकी आड़ में बेवजह अपना एजेंडा चलाएं, यह ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग से दोनों राज्यों के बीच के 22 साल पुराने ज्यादातर मामले हल हुए। जो मामले रह गए हैं, उनका भी समाधान हो जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की थी।

# तुड़तुड़िया मंदिर में माघी खिचड़ी का आयोजन

कपकोट (उद संवाददाता)। सौंग-भराड़ी टैक्सी यूनियन ने मंगलवार को तुड़तुड़ियां मंदिर में माघी खिचड़ी का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़कर भागीदारी की। सुबह से ही यूनियन के लोग मंदिर पहुंचे और माघी खिचड़ी के आयोजन में जुट गए। एक बजे से तीन बजे तक लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद चखा। आयोजकों ने बताया कि वह हर साल इस तरह का कार्यक्रम करते हैं। इस मौके पर टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दयाल सिंह, मोनू, पूरन, लोकपाल टाकुली, भगत सिंह, बलवंत सिंह, दीपू, नारायण मटियानी, गोपाल दानू आदि मौजूद रहे।



# जन्मदिन पर बधाई देने वालों का बेहड़ ने जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड ने सभी समर्थकों व क्षेत्रवासियों का आभार जताया।बेहड़ ने कहा कि मेरे जन्मदिन को मेरे सभी शुभचिंतकों ने एक उत्साह उमंग से भरे एक पर्व में तब्दील कर दिया । आप सबकी इस आत्मीयता के लिए मैं भावुक रूप से अनुग्रहित हूं, आप लोगों के बीच में अधिकतम व्यस्त होने के चलते कई लोगों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद व आभार व्यक्त नहीं कर पाया हूँ इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं और अपने तमाम क्षेत्रवासियों का मैं दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं वह उनके सुखद जीवन की कामना करता हूं तथा उनके मिले इसने युवा प्यार का मैं सदैव ऋणी रहूंगा वह उनका यह ऋण मैं विकास के रूप में चुकाऊंगा ।



# एसएसपी ने नवसृजित थाना धौलछीना का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने जनपद के नव सृजित थाना धौलछीना का भ्रमण कर क्षेत्र के व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन, ग्राम प्रधान,जनप्रतिनिधियो व क्षेत्रीय जनता के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा क्षेत्र में पुलिस थाना स्थापित होने पर खुशी व्यक्त की गयी तथा व्यापार मंडल/ प्रधान संगठन/ शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा एसएसपी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। एसएसपी ने उपस्थित जनों से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस थाना जन सुविधाओं व क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्थापित किया गया है। थाना पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या व शिकायत होने पर तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही क्षेत्र में सुदृढ़ कानून व यातायात व्यवस्था हेतु सभी से सहयोग की अपील की गयी। एसएसपी अल्मोड़ाद्वारा उपस्थित जनों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि नशा समाज के लिए एक ऐसा अभिशाप है, इससे न सिर्फ नशा करने वाले इंसान की जिंदगी तबाह होती है बल्कि उस पर निर्भर उसका परिवार भी प्रभावित होता है। यदि आपके गांव/आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो सूचना पुलिस को दें, पुलिस कार्यवाही करेगी और



सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।नशे के विरुद्ध अल्मोड़ा पुलिस की नई मुहिम ऑपरेशन निश्चय के बारे में बताते हुए कहा कि इस मुहिम के तहत हम नशे के गिरफ्त में फंसे व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखते हुए उसकी ऑनलाइन काउंसलिंग अनुभवी काउंसलरो के माध्यम से कराकर उस व्यक्ति की नशे की लत को छुड़ाकर मुख्यधारा से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। एसएसपी ने उपस्थित जनों को उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति, साईबर अपराध, किरायेदार सत्यापन आदि की जानकारी देकर जागरुक किया गया साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस हेल्पलाईन नम्बर डायल 112, महिला हेल्प लाईन नंबर 1090, साइबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930 के सम्बन्ध में जानकारी दी गईजनता से गोष्ठी के उपरान्त एसएसपी ने थाने में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर जनता से शालीन व्यवहार रखते हुए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही प्रभावी व बेहतर पुलिसिंग हेतु थाना क्षेत्र के गांवों में भ्रमण कर जन प्रतिनिधियों व जनता से अच्छा सामंजस्य स्थापित करने तथा उनकी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त एसएसपी महोदय द्वारा थाना परिसर, भवन, कार्यालय, कर्मचारी बैरिक आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान पायी गयी कमियों को शीघ्र सही कराने हेतु थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। साथ ही कर्मचारियों को थाना परिसर व भवन की साफ- सफाई अच्छी रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के उपरान्त एसएसपी अल्मोड़ा थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार के साथ थाना क्षेत्र धौलछीना व थाने की जनपद से लगी सीमा सेराघाट का भी भ्रमण किया गया।

# शहीद नेताओं पर की गई टिप्पणी अमर्यादित एवं शर्मनाक: कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जारी बयान में उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि भाजपा नेता गणेश जोशी के द्वारा देश के लिए शहीद हुई पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत पर की गई अमर्यादित टिप्पणी अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है।एक सभ्य समाज में मर्यादित पद पर बैठे नेता द्वारा इस प्रकार की भाषा शैली उनके मानसिक संतुलन और संस्कारों को परिलक्षित करती है।ऐसे बयान देने से पहले भाजपा के लोगों को आत्म अवलोकन करने की आवश्यकता है। श्री कर्नाटक ने कहा कि बेहतर होता कि तथाकथित नेता अपने प्रश्नों और शब्दों में मर्यादा के तहत देश की जनता को यह बताते कि स्वतंत्रता संग्राम संग्राम से लेकर वर्तमान समय 2023 तक कितने भाजपा,जनसंघ और आरएसएस के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ी और देश के लिए अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है



कि जब देश स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहा था तब इन्हीं के लोग अंग्रेजों के साथ मिलकर देश को बांटने का कार्य कर रहे थे और पेंशन पाकर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ चल रहे आंदोलनों तथा स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई को कमजोर करने का कार्य कर रहे थे , ऐसी टिप्पणियों से भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा जनता के बीच में उजागर होता है।श्री कर्नाटक ने कहा कि भारत में कंप्यूटर क्रांति स्वर्गीय राजीव गांधी की ही देन है।भारत में कंप्यूटर और संचार क्रांति का श्रेय राजीव गांधी को ही जाता है। राजीव जी का मानना था कि देश की युवा पीढ़ी को आगे ले जाना है तो उसके लिए कंप्यूटर और विज्ञान की शिक्षा जरूरी है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका

गदरपुर(उद संवाददाता)। रामचरित्र मानस की प्रति के कुछ अंशों को जलाने के विरोध में हिंदू संगठनों में भारी रोष व्याप्त है जिसको लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव महाजन के नेतृत्व में तमाम हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका और प्रदर्शन किया वही डॉ. राजीव महाजन का कहना था कि जो हमारे धर्म ग्रंथ के साथ दुर्व्यवहार करेगा उसकी तुरंत



गिरफ्तारी होनी चाहिए।ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व अन्य लोगों के द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस के पन्ने फाड़ कर जला दिए थे जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया लेकिन अभी 5 लोग फरार है स इस घटना को लेकर हिंदुओ में भारी रोष व्याप्त है।

# शून्य दुर्घटना विजन स्थापित करने के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाने के न निर्देश दिए। उन्होंने शून्य दुर्घटना विजन स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच समयबद्ध तरीके से हो। साथ ही कार्रवाई को पोर्टल पर समय से अपलोड भी करें। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रेश बैरियर लगाने, वाहन चालकों के लाईसेंस की जांच व वाहनों की निरंतर फिटनेस विश्लेषण करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराएं। चालकों को प्रोत्साहित करने व मोटरयान कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। वाहन चालकों का समय-समय पर चिकित्सकीय परीक्षण राने के निर्देश उपजिलाधिकारीयों , संभागीय परिवहन अधिकारी व सड़क महकमे के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर किए जाने वाले सुरक्षात्मक कार्यो हेतु प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ऐसे चिन्हित स्थलों पर सुरक्षात्मक कार्य किए जा सकें।

# अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सोमवार की देर शाम को सरसों खेत में मिला शव की शिनाख्त रेशमबाडी निवासी अनिल के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को हल्द्वानी भेजा है। बता दें कि सोमवार की देर शाम को एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि बीएचईएल के पास से एफएसएल को जाने वाले रोड स्थित सरसों खेत में लाश पड़ी है। सूचना पर कोतवाल विक्रम राठौर समेत चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी पहुंचे थे। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया था। चौकी प्रभारी ने बताया कि खेत में मिली लाश का यहां पर पोस्टमार्टम नहीं हो सका। पोस्टमार्टम कराने के लिए हल्द्वानी भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बरामद लाश कई दिन पुरानी लग गई और शव को जानवरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। कंगाल सा लग रहा। इसी लिए यहां पर पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शिनाख्त रेशमबाड़ी निवासी अनिल के रूप में हुई। वहां कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है।

# न्यायालयों में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल ने उच्च न्यायालय के परिपेक्ष में जिला न्यायालय एवं बाह्य स्थित सिविल न्यायालय, काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज तथा किच्छा के सभी न्यायालयों एवं कार्यालयों में कलैण्डर वर्ष-2023 तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये है। उन्होने बताया कि 9 मार्च 2023 बृहस्पतिवार कृष्ण पक्ष द्वितीय, 15 अप्रैल 2023 शनिवार कृष्ण पक्ष दशमी एवं 24 नवम्बर 2023 शुक्रवार को गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर जजशिप उधमसिंह नगर के सभी न्यायालय एवं कार्यालय स्थानीय अवकाश घोषित होने के फलस्वरूप बन्द रहेंगे।

# अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने वाला बजट हुआ पेश: शैलेन्द्र

काशीपुर(उद संवाददाता)। जनजीवन उत्थान समिति के अध्यक्ष प्रख्यात



समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्र ने वित्त मंत्री द्वारा बुधवार को पेश किए बजट की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि वित्त मंत्री द्वारा बजट में मध्यमवर्गीय जनमानस, महिलाओं, बिजनेसमैन, शिक्षा, टेक्स तथा दैनिक उपयोग में लाई जा रही वस्तुओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट सराहनीय है और देश की अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने बाला है।

# रजनी भंडारी पर हाईकोर्ट का फैसला लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत:धीरेंद्र

देहरादून(उद संवाददाता)।उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष पद से रजनी भंडार की की बर्खास्तगी को नैनीताल हाई कोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने के फैसले को ऐतिहासिक बताया है।उन्होंने इसे राज्य सरकार के मुंह पर तमाचा बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले में एकतरफा फैसला लेकर लोकतंत्र की हत्या की थी। जिसको अब हाईकोर्ट द्वारा सुधार दिया गया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि उन्होंने 2 दिन पहले इस मामले में जारी बयान में पहले ही कह दिया था इस मामले में राज्य सरकार की करारी हार होगी क्योंकि यह फैसला बुद्धिमता पूर्ण नहीं था और केवल विधानसभा चुनाव में उनके पति राजेंद्र भंडारी की जीत से उपजी नाराजगी का प्रतीक था।

# अशोक मिस्त्री और मोती लाल को दी विदाई

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम के हल्दी संयत्र पर अधिवर्षता आयु पूर्ण होने मैकैनिक अशोक मिस्त्री तथा मोती लाल यादव को विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।समारोह मे डा. मोहित शर्मा, राम किशन,सुनील श्रीवास्तव,राजकुमार आदि उपस्थित थे।

# बजट को बताया जन विरोधी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने केंद्र सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उसे जन विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रस्तुत बजट में किसानो, मजदूरो, नौजवानों एवं महिलाऑ के साथ-साथ उत्तराखंड की भी बिल्कुल अनदेखी की है। जहाँ जोशीमठ में इतनी बड़ी आपदा आई हुई है।वहीं बजट में जोशीमठ का भी ख्याल नहीं रखा गया। बजट में चंद पूंजीपतियों और व्यापारियों का फायदा देखा गया है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है।श्री सिद्दीकघे ने कहा कि केंद्रीय बजट में सरकार ने खैती, शिक्षा ,स्वास्थ एवं मनरैगा के बजट में भारी कटौती कर सीध तौर पर 65 प्रतिशत ग्रामीण जनता के हकघ पर चोट की है जो सरासर गलत है।

## पेज एक का शेष...

**वनभूलपुरा में अवैध...**उपाध्याय के नेतृत्व में बनभूलपुरा क्षेत्र के लाइन नम्बर 8 व 12 में बने दो अवैध निर्माणों पर जेसीबी एवं मजदूरों की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्रारम्भ गयी। मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का कहना है कि गत 30 जनवरी को हुई कार्यवाही के क्रम में व कमिश्नर दीपक रावत के आदेश पर बनभूलपुरा क्षेत्र में बने अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की जा रही है। इधर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह का कहना है कि बनभूलपुरा क्षेत्र में नुजूल भूमि पर बने दो अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी हल्द्वानी हरबंस सिंह, तहसीलदार हल्द्वानी संजय कुमार, एसएनए गणेश भट्ट, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कांडपाल, सीओ सिटी हल्द्वानी भूपेंद्र सिंह धोनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष कालाढूंगी नंदन सिंह रावत, सफाई निरीक्षक चतर सिंह, अमोल असवाल, सूरज, दिवाकर, बॉबी, तनवीर आदि शामिल रहे।

**अखिलेश यादाव के...**मुरादाबाद में कमिश्नर और डीएम द्वारा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्लेन को लैंड होने की अनुमति ना देना बेहद निंदनीय एवं अलोकतांत्रिक कृत्य है। सपा ने आगे कहा कि भाजपा के अहंकार का अंत जल्द होगा।

**जिला बार एसोसिएशन चुनाव...**की टक्कर है। कोषाध्यक्ष पद पर सर्वेश बाबू और अजय नारायण यादव के बीच मुकाबला है। लेखा परीक्षक पद पर इन्द्रजीत बिट्टा और गिरीराज कुमार के बीच टक्कर है। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र कुमार नरूला व मनोज कुमार आमने सामने हैं। कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के तीन पदों के लिए सीपी गंगवार,नईम बाबू, शुभम गगनेजा, सुरेन्द्र पाल छाबड़ा और शोएब खान दावेदार हैं। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी पिछले कई दिनों से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जुटे रहे। चुनाव प्रचार का दौर बीती देर रात तक चलता रहा। गुरूवार सुबह बार एसोसिएशन चैंबर में नौ बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। दोपहर तक 60 प्रतिशत मतदान हो चुका था। देर शाम तक चुनाव परिणाम घोषित होगा। मतदान में दिवाकर पाण्डे, कुलविंदर सिंह पवार, शक्ति मिश्रा, दलीप सिंह, गोपाल शर्मा, विजय पाल सिंह, परवेज आलम, गुरबाज सिंह,नरेश रस्तौगी, शिव कुमार सिंह, सुरेश सागर, आरपी सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

**लाखों की धोखाधड़ी...**पाया गया। पुलिस कार्यवाही के दौरान संपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर सभी संदिग्ध खाताधारको से गहनता के साथ पूछताछ की गई और घटनाक्रम के मास्टरमाइंड अभियुक्त फरमान पुत्र इरशाद निवासी नगला थाना ताजगंज जिला आगरा उत्तर-प्रदेश को आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके अन्य साथियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ के दौरान फरमान ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन में जाता है और एटीएम मशीन में पैसे निकालने के लिए प्रोसेस करता है। जैसे ही एटीएम मशीन से पैसे बाहर आते हैं तो वह खींच कर उन्हें निकाल लेता है और फिर एटीएम मशीन की पावर ऑफ कर देता है। जिससे प्रोसेस मशीन में पूर्ण तरीके से नहीं हो पाती है। इसके पश्चात वह व उसके अन्य साथी संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते हैं। कि हमारे खाते से पैसे तो कट गए लेकिन हमें पैसे मिले नहीं और पुनः बैंक से पैसे प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रकार वह बैंक से धोखाधड़ी करके पैसे प्राप्त कर लेते हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक प्रीति चौकी प्रभारी आरटीओ रोड मुखानी, राजवीर सिंह प्रभारी एसओजी, आरक्षी त्रिलोक सिंह, रविंद्र खाती सम्मिलित रहे। एसएसपी द्वारा उपरोक्त नए तरीके के एटीएम ट्रांजेक्शन धोखाधड़ी प्रकरण के सफल अनावरण में शामिल पुलिस टीम को 2500 हजार रुपए के आधिकारिक पुरस्कार की घोषणा की गई है।

**२५ हजार का ईनामी...**रही है। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी गोविंद सिंह तथा सर्विलांस में एएसआई प्रकाश भगत की प्रमुख भूमिका रही। सीओ एसटीएफ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में कासिम को गिरफ्तार करने वाली एसटीएफ टीम में उप निरीक्षक विपिन चंद्र जोशी, उ.निरी. बृजभूषण गुरुरानी, अ.उप.निरी. प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी गोविंद सिंह, मनमोहन सिंह, आरक्षी वीरेंद्र सिंह, किशोर कुमार व सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

**जेल में आईटीआई...**बंद आइटीआइ गैंग का सदस्य देवेंद्र हत्या के प्रयास का आरोपित है। जेल के अंदर उसने कानून को अपने हाथ में लिया। देवेंद्र बिष्ट के विरुद्ध जेल प्रशासन ने कड़ा एक्शन लिया है। उसकी मुलाकात पर 15 दिन तक रोक लगाई है। साथ ही पीसीओ आफिस (टेलीफोन डयूटी) से भी उसे हटा दिया गया है।

**पर्यटक की मर्सडीज...**कार में आग लगती देख चारों लोग घबरा गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी पवन सैनी ने बताया कि हरियाणा की कार आग से पूरी तरह से जल गई है। गनीमत की बात ये है कि सभी लोग सुरक्षित हैं। सभी लोग हरियाणा के झज्जर के रहने वाले हैं।

**पेड़ से भिड़ी..**गया। भीषण टक्कर में अबीदुर्र बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एसटीएच पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खत्तावासियों व गुर्जरों की मांगों को लेकर किसान महासभा ने निकाली रैली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा खत्तावासियों- गुर्जरों - वन ग्रामों के निवासियों के अधिकारों के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली गांधी इंटर कालेज, बरेली रोड,नैनीताल रोड मुख्य मार्ग से नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पहुंची। वहां संक्षिप्त सभा के उपरांत डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। अपने संबोधन में भाकपा (माले) राज्य सचिव राजा बहुगुणा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के स्थान पर उनके बीच विभाजन करने में लगी हैं। गुर्जर -खत्तावासी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। भाजपा सांसद और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा केंद्रीय वन मंत्री को दिए गए ज्ञापन में गुर्जर खत्तों को अन्य गोठ व खत्तों से अलग करना इस नीति का जीता जागता उदाहरण है। लेकिन




खत्तावासियो - गुर्जरों की आज अपनी एकता को दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ आपदा से निपटने में सरकार पूरी तरह अक्षम साबित हुई है। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी नैनीताल उधमसिंहनगर जिलों की हजारों की आबादी मूलभूत नागरिक अधिकारों से वंचित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इसका जवाब देना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि, ष्नैनीताल, उधम सिंह नगर व चम्पावत जिलों के वनों मे रहने वाले वनगुर्जर, पहाड़ी, थारू जनजाति व अन्य जो कम से कम 40 वर्षों से लेकर 100, 125, 150 वर्षों से भी अधिक समय से स्थायी रूप से वन खत्तों में रह रहे हैं। वनगुर्जर तो उत्तराखण्ड में सन् 1880 से करीब 150 वर्षों से निवास करते आ रहे हैं, जिनका नाम देश की आजादी के बाद से आज तक परिवार रजिस्टर भाग-2 में दर्ज नहीं हुआ है, न ही स्थायी निवास, जाति प्रमाण पत्र बन पाए हैं। इसके लिए वनवासियों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। वनवासियों के बच्चे स्कूलों के अभाव में शिक्षा नही ले पा रहे हैं, जो मुश्किलों में पढ़ भी रहे हैं। किसान महासभा ने दो महीने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि दो माह में समस्याओं का समाधान न हुआ तो गोठ व खत्ता वासियों, वन गुर्जरों को बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। रैली में मो कासिम, बाबू गुर्जर, इनाम अली, गुलाम हुसैन, भुवन जोशी, अली हसन, शमशेर अली, रेखा आर्य, कैलाश पाण्डेय, ललित मटियाली, पुष्कर दुबड़िया, विमला रौथाण, आलमगीर, दीवान सिंह, रहमत अली, जोगेन्दर लाल, पान सिंह, कुंदन सिंह, गुलाम मुस्तफा, हयात राम, नवीन मेहरा, प्रेम सिंह, गोपाल सिंह, त्रिलोक राम आर्य, मदन सिंह, दयाकिशन भट्ट, अली शेर, शमशाद, किशन बघरी, किशन सिंह जग्गी, कमल जोशी, चंद्रा, धीरज कुमार, विकास सक्सेना, दिव्या पनेरु, निर्मला शाही, आनन्द दानू, त्रिलोक सिंह, पान सिंह दानू, मनोज आर्य, प्रमोद कुमार, बिशन दत्त जोशी, प्रवीण दानू, मो यामीन, गुलाम, सुधा देवी आदि शामिल रहे।

# बजट में किसान को सिर्फ झूठे वादे हासिल हुए: विर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसानों की आय 2022में दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार ने बजट में कृषि क्षेत्र में भारी कटौती कर किसानों को झुनझुना दिया है। सरकार महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मेंभी कटौती की गई है जिसमें मात्र 60000 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया है जबकि सरकार 12 करोड़ लोगों को सम्मान निधि देने का वादा कर रही है इसके अनुसार कम से कम 72, हजार करोड़ का बजट अनुमानित है किसान को जो सालाना 6000 हजार मिलते हैं। महँगाई दर को देखते हुए बजट मे बढकर 12000 हजार रुपया सलाना की भी उम्मीद थी।एक आरटीआई में कृषि मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 11.86 करोड़ किसानों को सामान नीधि देने वाली सरकार की इस योजना में पहले ही 67% की कटौती हो चुकी है 12 किस्त मात्र 3. 87 करोड़ किसानों को ही प्राप्त हुई। कृषि के वास्तविक बजट जो 2022-23 में 124000 करोड का था उसको 15% कम कर मात्र 1,15,531 करोड़ कर दिया गया है और रसायन एवं फर्टिलाइजर क्षेत्र मे भी कटौती हुई है 22500 करोड़ के सापेक्ष 175 00 करोड़ का बजट है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में भी भारी कटौती की गई है10433 करोड से 7150 करोड कर दिया गया है इसलिए इस बजट में खेती किसानी पर भारी मार पड़ी।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



# ऊधम सिंह नगर के कराटे खिलाड़ियों ने जीते 11 स्वर्ण पदक


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। परेड ग्राउंड, देहरादून में हुई उत्तराखण्ड राज्य खेल महाकुम्भ कराटे प्रतियोगिता बालक वर्ग में जिला ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ियों नें श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य पदक अर्जित किये तथा अंडर 17 व अंडर 21 वर्ष आयुवर्ग में उत्तराखण्ड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।अंडर 17 वर्ष कुमिते स्पर्धा में 50 किग्रा में प्रियांशु कार्की ,55 किग्रा में अनुज गंगवार, 61 किग्रा में नितिन गुप्ता, 68 किग्रा में नितिन जोशी, 76 किग्रा में जशनप्रीत सिंह, +76 किग्रा में रोहित सिंह नें स्वर्ण पदक अर्जित किये हैं।अंडर 21 वर्ष कुमिते स्पर्धा में 60




किग्रा में हिमांशू भट्ट, 75 किग्रा में रोहित बोरा, 84 किग्रा में प्रांजल गिरी, +84 किग्रा में चरणदीप अरोरा नें स्वर्ण पदक तथा 50 किग्रा में विवेक शर्मा व गगदीप सिंह नेंकांस्य पदक अर्जित किये हैं। अंडर 14 वर्ष कुमिते स्पर्धा में +35 किग्रा में करन शर्मा तथा -45 किग्रा में अनिमेष मण्डल नें रजत पदक व नितेश भंडारी 50 किग्रा में कांस्य पदक अर्जित किये हैं। खिलाड़ियों के पदक जीतने पर युवा कल्याण अधिकारी वजाहत खान, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, कराटे एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा, योगेश चन्द्र पोखरिया, अर्जुन मण्डल, नैन्सी सागर, आदि लोगों नें सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षक लक्ष्मण सिंह को बधाई दी।

# भागवत कथा में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेडिसिटी अस्पताल के पास इंपिरियल ग्रीन में समाजसेवी राम सिंह बिष्ट एवं जगदीश बिष्ट की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक शास्त्री मनोज पाण्डेय जी ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। 29 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित भागवत कथा में रोजाना कथा के विभिन्न प्रसंग सुनाये जा रहे हैं। बुध वार को कथा में सूर्यवंश, चन्द्रवंश एवं भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। कथा के बीच में भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। कथा का समापन 5 फरवरी को पूर्णाहुति व्यास पूजन और भंडारे के साथ होगा।



# बिच्छू घास के व्यावसायिक उपयोग को लेकर कार्यशाला आयोजित

## अल्मोड़ा में स्थानीय उत्पाद बिच्छू घास ( सिसौण ) से हर्बल चाय और रेशा धागा तथा कपड़ा आधारित विविध उत्पाद तैयार कर रही महिलायें

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। स्थानीय उत्पाद बिच्छू घास (सिसौण) से हर्बल चाय, रेशा धागा तथा कपड़ा आधारित विविध उत्पाद तैयार करने हेतु जिला प्रशासन तथा ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के तत्वाधान में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ श्रद्धानंद क्रीड़ा मैदान ताड़ीखेत में आयोजित कार्यक्रम के द्वारा किया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता रानीखेत विधायक डॉ प्रमोद नैनवाल ने की तथा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विशेष कार्याधिकारी पर्यटन विभाग भास्कर खुल्बे तथा सचिव ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखंड बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया तथा अतिथियों को पौधा तथा उत्तराखंडी टोपी भेंट कर उनका स्वागत किया गया। विधायक प्रमोद नैनवाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों एवं स्थानीय औषधियों को रोजगार से जोड़कर पलायन की समस्या से निजात दिलाने की दृष्टि से भी इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है। इस दौरान विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई आजीविका की इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिकी में सकारात्मक परिवर्तन होगा तथा महिलाएं इस प्रशिक्षण के माध्यम से बिच्छू घास के विभिन्न उत्पाद बनाने की





विधि प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय उत्पादों को बाहरी पहचान भी मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं से अपील की है कि वह इस प्रशिक्षण को पूरे मनोयोग से पूरा करें। उन्होंने कहा कि आजीविका के क्षेत्र में की गई ऐसी पहल पलायन की समस्या का भी समाधान निकलने में सहायक सिद्ध होगी। सचिव ग्राम्य विकास विभाग तथा मुख्य परियोजना निदेशक ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि बिच्छू घास से बने उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराकर इसे आजीविका का साधन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम महज औपचारिक न रहे, इसको सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को देश विदेश में पहचान दिलाई जाएगी। जिलाधिकारी वंदना ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह पूरे मनोयोग एवं सकारात्मकता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा अपनी आजीविका को बढ़ाएं। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को भी लगन एवं एवं निष्ठा से कार्य करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा जिसमे 100 महिलाओं को प्रशिक्षा दिया जाएगा तथा प्रत्येक चरण का प्रशिक्षण 5 दिनों का होगा। इसके तहत ताड़ीखेत ब्लॉक से 33 एवं भिकियासैंण ब्लॉक से 49 महिलाओं को चयनित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम चरण में महिलाओं को बिच्छू घास से रेशा निकालना, द्वितीय चरण में धागा तैयार करना तथा तृतीय चरण में धागे से कपड़ा तैयार करना सिखाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित नारीशक्ति स्वायत्त सहकारिता चौकुनी एवं दुर्गा महिला ग्राम संगठन डोबा की महिलाओं को कृषि विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराए गए फार्म मशीनरी बैंक का भी अतिथियों ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान श्री खुल्बे एवं श्री पुरुषोत्तम को एनआरएलएम की वैष्णो जागृत स्वयं सहायता समूह सिमखलिया द्वारा बनाई गई ऐपण नेम प्लेट भी प्रशासन के माध्यम से भेंट की गई। इस अवसर पर एनआरएलएम के माध्यम से संचालित समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टाल भी लगाए गए। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कलाकारों ने दिखाए तथा स्कूली बच्चों ने सुंदर सुंदर प्रस्तुति देकर सबको आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन विभु कृष्णा ने किया। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर हिमालयन पीठाधीश्वर स्वामी वीरेंद्रानंद, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जयकिशन, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना कैलाश भट्ट समेत अन्य गणमान्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।